फतेहगढ़ पुलिस

सुरक्षा के लिए व्यापारी दुकानों पर लगवाएं कैमरे

फर्रुखाबाद, संवाददाता। व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक में दुकानदारों से कहा गया कि वह अपने अपने प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवायें। पेट्रोल पंप, बैंक के आस पास कोई संदिग्ध दिखे तो तुरंत जानकारी दें। फुटपाथ पर अतिक्रमण न होने दें।

नवरात्र और रमजान पर सुरक्षा रहेगी। व्यापारी भी इसमें सहयोग करें। पुलिस लाइन के सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक डा.संजय सिंह ने व्यापारियों के साथ बैठक की और उनकी समस्याओं को समझा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा के लिए पुलिस 24 घंटे तैयार है। किसी भी व्यापारी के सामने कोई समस्या हो तो बतायें उसका समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारी दुकानों पर कैमरे अवश्य लगवायें। फुटपाथ पर अतिक्रमण न करने दें जो लोग कर रहे हों उसको लेकर जानकारी दें जिससे कि जाम की समस्या न खड़ी हो सके। उन्होंने कहा कि मंदिरों पर सुरक्षा की व्यवस्था कड़ी रहेगी। मिलजुलकर पर्व मनायें।

व्यापारियों के साथ बैठक करते अपर पुलिस अधीक्षक।

मीडिया सेल

FATEHGARH POLICE

Let your festival celebrations be Happy

➡️अपनी यात्रा के समय किसी नशीले पदार्थ का सेवन न करे और न ही अपनी किसी सवारी को करने दें।

➡️वाहन चलाते समय सीटबेल्ट व हेलमेट आवश्य लगायें।

➡️मोटरसाइकिल पर दो से अधिक सवारी बैठाकर न चलाएँ।

➡️नियंत्रित गति में वाहन चलाएँ ।

➡️यातायात के समस्त नियमों का पालन करें।

फतेहगढ़ पुलिस

आगामी त्योहारों के मद्देनजर थाने में हुई बैठक

कायमगंज/फरुर्खाबाद। (राष्ट्रीय जजमेन्ट) कोतवाली परिसर मे आगामी पर्व को मध्य मे रखते हुए शांति बैठक का आयोजन किया गया बैठक मे नायब तहसीलदार व नगरपालिका से आरआई विजली विभाग से जेई साहब कि उपस्तिथि मे बैठक का संचालन क्राइम ब्रांच इन्स्पेक्टर संतोष अवस्थी व एसओ जय प्रकाश पाल द्वारा कि गई। बैठक मे नवरात्रि व रमजान के पर्व को लेकर नगर मे सफाई विधुत व जल कि व्यव्स्था को दुरुस्त रखने मीट कि दुकानों को बंद रखने पर चर्चा हुई व दोनों पर्व को शांति पूर्ण तरीके से बिना किसी कि भावनाओं को ठेस पहुंचाए पर्व को मनाने व सामाजिक संगठनों व समितियों को वालिंटियर नियक्त करने कि सलाह दी गई। इस अवसर पर उद्योग व्यापर प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश कायमगंज के नगरअध्यक्ष संजय गुप्ता महामंत्री अमित सेठ युवा जिलाद्यक्ष सुबोध गुप्ता ऊर्फ मन्साराम ,नरेश शर्मा उर्फ पुजारी,हिमांशु शर्मा ,नीतू गंगवार, दिनेश दीक्षित , उत्कर्ष गुप्ता ,अशोक शाक्य ,मोनू वर्मा, ब्रजेश बाल्मीकि ,मंगल कौशल ,दिनेश राठौर ,शिवकुमार शाक्य ,पिंटू राठौर व प्रधान आदि लोग उपस्तिथ रहे।

मीडिया सेल